# हाईस्कूल परीक्षा, 2013

## सामाजिक विज्ञान—केवल प्रश्न-पत्र

समय : 3 घण्टे 15 मिनट] 825 (FJ) [ पूर्णांक : 70

## खण्ड-क

### बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश**—निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—

**1.** प्रथम विश्व युद्ध के समय संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति कौन था— 1

(क) विल्सन (ख) लिंकन
(ग) कैनेडी (घ) रूजवेल्ट।

**2.** प्रोटेस्टेन्ट सम्प्रदाय की स्थापना किसने की— 1

(क) संत ऑगस्टीन (ख) मार्टिन लूथर
(ग) रोजर बेकन (घ) हेनरी चतुर्थ।

**3.** रानी अवन्ती बाई, जिसने 1857 ई० में अँग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया था, शासक थी— 1

(क) रामगढ़ की (ख) ग्वालियर की
(ग) नागपुर की (घ) कोटा की।

**4.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने 'पूर्ण स्वराज' प्राप्त करने का लक्ष्य कब घोषित किया— 1

(क) 1920 ई० (ख) 1929 ई०
(ग) 1930 ई० (घ) 1942 ई०।

**5.** इस (हमारे) राज्य के मुख्य क्षेत्रीय दल का नाम है— 1

(क) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (ख) बहुजन समाज पार्टी
(ग) समाजवादी पार्टी (घ) साम्यवादी पार्टी।

**6.** निम्नलिखित में से किसने भारत में आर्थिक नियोजन की नीति प्रारम्भ की— 1

(क) पं० जवाहर लाल नेहरू
(ख) डॉ० बी०आर० अम्बेडकर
(ग) सरदार बल्लभ भाई पटेल
(घ) महात्मा गाँधी।

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**7.** 1893 ई० में विश्व धर्म सम्मेलन किस स्थान पर आयोजित किया गया था? इसमें भारत की ओर से किसने भाग लिया? 1+1

**8.** गुटनिरपेक्ष आन्दोलन के जन्मदाताओं में से किन्हीं दो का नाम लिखिए। 1+1

**9.** सार्क का सचिवालय कहाँ और किस देश में स्थित है? 1+1

### लघु उत्तरीय प्रश्न

**10.** महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन कब चलाया? इसके कोई दो मुख्य कारण बताइए। 1+1+1

**अथवा**

किन्हीं दो मुस्लिम सुधार आन्दोलनों का उल्लेख कीजिए। इनका तत्कालीन मुस्लिम समाज पर क्या प्रभाव पड़ा? 1½ + 1½

**11.** भारतीय विदेश नीति के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। 1+1+1

**अथवा**

विश्व शान्ति के लिए नि:शस्त्रीकरण क्यों आवश्यक है? किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए। 1½ + 1½

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**12.** भारत के वर्तमान राष्ट्रपति का नाम बताइए। उसके पद की अर्हताएँ क्या हैं? उसकी निर्वाचन प्रक्रिया उदाहरण सहित समझाइए। 1+2+3

**अथवा**

किसी राज्य के मुख्यमंत्री की नियुक्ति किस प्रकार की जाती है? राज्य के प्रशासन में उसकी भूमिका की व्याख्या कीजिए। 2+4

**13.** फ्रांसीसी क्रान्ति के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए। उनका क्या प्रभाव पड़ा? 3+3

**अथवा**

15वीं सदी में नए स्थलों की खोज के लिए उत्तरदायी परिस्थितियों का वर्णन कीजिए। 6

### मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न

**निर्देश**—प्रश्न संख्या 14 प्रदत्त भारत के मानचित्र से सम्बन्धित है। सही नाम व स्थिति के लिए ½,½ अंक निर्धारित हैं।

**14.** निम्नलिखित स्थानों को ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए—

(i) वह स्थान जहाँ दशावतार मन्दिर स्थित है। ½ + ½
(ii) वह स्थान जहाँ 'विक्टोरिया मेमोरियल हाल' स्थित है। ½ + ½
(iii) वह स्थान जहाँ उत्तराखण्ड की राजधानी है। ½ + ½
(iv) वह स्थान जहाँ सूर्य मन्दिर स्थित है। ½ + ½
(v) वह नगर जहाँ बेगम हजरत महल ने क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया। ½ + ½

## खण्ड - ख

### बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश**—निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए—

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा नगर सीमेन्ट उद्योग से सम्बन्धित है— 1

(क) कटनी (ख) आगरा
(ग) भोपाल (घ) ग्वालियर।

**16.** पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है— 1

(क) कोलकाता (ख) गोरखपुर
(ग) मालेगाँव (घ) बरौनी।

**17.** 2001 की जनगणना के अनुसार भारत में लिंगानुपात है— 1

(क) 970 (ख) 890 (ग) 940 (घ) 933.

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता विकासशील देशों की नहीं है— 1

(क) उच्च प्रौद्योगिकी का प्रयोग
(ख) प्रति व्यक्ति आय का निम्न स्तर
(ग) निम्न कृषि उत्पादकता स्तर
(घ) जनाधिक्य।

**19.** हरित क्रान्ति सम्बन्धित है— 1

(क) दुग्ध उत्पादन (ख) वृक्षारोपण
(ग) कृषि उत्पादन (घ) मत्स्य उत्पादन।

**20.** प्रथम पंचवर्षीय योजना की कार्य अवधि थी— 1

(क) 1 अप्रैल 1950 से 31 मार्च 1955
(ख) 1 अप्रैल 1951 से 31 मार्च 1956
(ग) 1 अप्रैल 1952 से 31 मार्च 1957
(घ) 31 मार्च 1951 से 31 मार्च 1956।

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**21.** ओजोन क्षरण को रोकने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। 1+1

**22.** भारतीय कृषि के विकास हेतु कोई दो उपाय सुझाइए। 1+1

**23.** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सफल क्रियान्वयन हेतु क्या कदम उठाने चाहिए? कोई दो सुझाव दीजिए। 1+1

### लघु उत्तरीय प्रश्न

**24.** परिवहन सेवाओं के तीनों भागों का वर्णन कीजिए। 1+1+1

**अथवा**

कपास की खेती के लिए उपयुक्त तापक्रम, वर्षा एवं मिट्टी का उल्लेख कीजिए। 1+1+1

**25.** आर्थिक नियोजन की किन्हीं तीन उपलब्धियों का वर्णन कीजिए। 1+1+1

**अथवा**

भारतीय रिजर्व बैंक के किन्हीं तीन कार्यों का उल्लेख कीजिए। 1+1+1

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**26.** परमाणु ऊर्जा से आप क्या समझते हैं? इसकी किन्हीं पाँच विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 1+1+1+1+1+1

**अथवा**

दामोदर नदी-घाटी परियोजना की स्थिति पर प्रकाश डालिए। इससे होने वाले किन्हीं चार लाभों की विवेचना कीजिए। 2+1+1+1+1

**27.** वस्तु विनिमय प्रणाली से आप क्या समझते हैं? इसके किन्हीं चार गुणों की विवेचना कीजिए। 2+1+1+1+1

**अथवा**

औद्योगीकरण से आप क्या समझते हैं? उद्योगों और कृषि की परस्पर निर्भरता की विवेचना कीजिए। 2+4

### मानचित्र कार्य

**28.** निम्नलिखित को दिए गए भारत के मानचित्र में प्रदर्शित कीजिए।

(क) अरावली ⁀ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
(ख) माही नदी ∼ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
(ग) तिरूपति ● चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
(घ) पणजी ○ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
(ङ) मरुस्थलीय मिट्टी का क्षेत्र ▨ चिह्न द्वारा। ½ + ½